# विकास विभाग
## पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

पं0 रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ0ग0)

।। निविदा सूचना।।

क्र. 591 /विकास/2025 रायपुर, दिनांक 02/09/2025

**// विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों के लिए किराया भण्डार से टेंट एवं अन्य सामग्री किराया से प्रदाय हेतु निविदा।//**

पं० रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर की ओर से विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों के लिए किराया भण्डार से टेंट एवं अन्य सामग्री किराया से प्रदाय हेतु सीलबंद लिफाफे में रजिस्टर्ड पोस्ट (ए.डी.)/स्पीड पोस्ट/पी.एंड.टी. विभाग से अधिकृत कोरियर के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म विकास विकास विभाग से रू.1000.00 (एक हजार मात्र) की रसीद जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है। वेबसाइट से प्राप्त निविदा प्रपत्र रू.1000.00 का बैंक ड्राफ्ट Registrar, Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur के नाम से संलग्न करने पर ही मान्य होगा। निविदा का विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.prsu.ac.in में उपलब्ध है।

1. निविदा विक्रय की अंतिम तिथि – 22/09/2025 समय सायं 05:00 बजे तक
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि – 24/09/2025 समय अपरान्ह 03:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि – 24/09/2025 समय 04:00 बजे
4. निविदा खुलने का स्थान – कुलपति सचिवालय सभागार, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर

**टीप :–उपरोक्त निविदा में फर्मों द्वारा जिस कार्य हेतु निविदा भरा जा रहा है उस कार्य का निविदा लिफाफे के ऊपर स्पष्ट उल्लेख करें।**

01/9/25

कुलसचिव

# विकास विभाग
## पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों के लिए किराया भण्डार से टेंट एवं अन्य सामग्री किराया से प्रदाय हेतु निविदा प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है :–

| स.क. | प्रकृति | संबंधित बिन्दु |
|---|---|---|
| 01 | **विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों के लिए किराया भण्डार से टेंट एवं अन्य सामग्री किराया से प्रदाय हेतु निविदा।** | |
| 02 | सेवा प्रदान करने की अवधि | 01 वर्ष |
| 03 | अमानत राशि | रू.10,000.00(रू. दस हजार मात्र) जो बैंक ड्राफ्ट / डी0डी0 / के माध्यम से Registrar, Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur के नाम से देय होगा। |
| 04 | निविदा शुल्क | रू. 1000.00 (एक हजार मात्र) वि0वि0 कोष में देय होगा (नॉन रिफन्डेब्ल राशि) |
| 05 | निविदा कमांक | क.591 / विकास / 2025 रायपुर, दिनांक 02 / 09 / 2025 |
| 06 | निविदा विकय करने की अंतिम तिथि | 22 / 09 / 2025 समय सायं 05:00 बजे तक |
| 07 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 24 / 09 / 2025 समय अपरान्ह् 03:00 बजे तक |
| 08 | पत्राचार का पता– | कुलसचिव, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, आमानाका जी.ई रोड रायपुर पिन–492010 फोन कमांक 0771–2262540 website - www.prsu.ac.in Email – registrarprsu@gmail.com |
| 09 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 24 / 09 / 2025 समय अपरान्ह् 04:00 बजे |
| 10 | निविदा खुलने का स्थान | कुलपति सचिवालय सभागार, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर |
| 11 | प्रस्तावित दर की वैधता | 01 वर्ष |

टीप– निविदा में होने वाले परिवर्तन की जानकारी विभाग की वेबसाईट **www.prsu.ac.in** द्वारा ली जा सकती हैं।

## नियम एवं शर्ते

01. निविदाकर्ता को अमानत राशि (EMD) रू.10,000.00 (रू. दस हजार मात्र) Registrar, Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur के नाम से डिमांड ड्राफ्ट जमा करना अनिवार्य है, जिसके बिना प्रस्तुत निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
02. सफल निविदा की सुरक्षा निधि धरोहर राशि के रूप में जमा रखी जावेगी और संविदा की संतोषप्रद ढंग से समाप्ति के बाद वापस की जावेगी। उक्त राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जावेगा। अन्य निविदाओं की सुरक्षा निधि, सफल निविदा द्वारा अनुबंध निष्पादित करने के उपरांत वापस कर दी जावेगी ।
03. PAN नंबर की छायाप्रति संलग्न करना होगा।
04. GST नंबर संबंधी दस्तावेज की छायाप्रति संलग्न करना होगा (जी.एस.टी. नं. अनिवार्य है)
05. निविदाकर्ता को फर्म का पंजीयन प्रमाण पत्र/गुमास्ता प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से निविदा के साथ संलग्न करना होगा ।
06. निविदाकर्ता विगत 03 वित्तीय वर्षो 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 के आयकर रिटर्न की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करे। साथ ही फर्म का कर समाशोधन प्रमाण पत्र जिसमें यह प्रमाणित होता हो कि फर्म द्वारा देय कर अदा कर दिया है एवं उस पर कोई कर बकाया नही है।
07. शासकीय/अर्द्धशासकीय/निगम मंडल/आयोग में विगत 03 वर्ष में रू.20=00 लाख (बीस लाख) का किराया सामग्री आपूर्ति करने का अनुभव।
08. निविदाकर्ता का विगत 03 वित्तीय वर्षो 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 का औसत वार्षिक टर्नओवर रू. 50=00 लाख (पचास लाख) होने का चार्टड एकाउन्टेंट से प्रमाणित प्रति।
09. Black Listed (काली सूची) में न होने का शपथ–पत्र संलग्न करे।
10. निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।
11. यदि निविदाकार किसी भी तरह के अपराधिक कारणों से भारत सरकार, छत्तीसगढ़ शासन अथवा किसी भी राज्य सरकार द्वारा किसी नियमों के उल्लघंन करने के कारण प्रतिबंधित है तो वह निविदा करने हेतु अपात्र होगा ।
12. यदि निविदाकार निविदा में उल्लेखित दस्तावेजों को प्रस्तुत करने में असमर्थ होता है तो उसे निविदा प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जायेगा ।
13. प्रदायगी आदेश जारी किये जाने के पूर्व प्रदायकर्ता फर्म से 50.00 रूपये के नॉन ज्यूडिसियल स्टाम्प पेपर पर करार नामा किया जाना अनिवार्य होगा ।
14. निविदाकार को कार्यरत होने वाले अपने कर्मचारियों की सूची तथा विवरण प्रस्ततु करना अनिवार्य होगा। निविदाकार के कर्मचारियों समूह में बाल श्रमिक कार्यरत न हो। श्रम कानून का पालन करना अनिवार्य होगा तथा इन कर्मचारियों की सुरक्षा का भार निविदाकार का होगा ।
15. शासकीय नियमानुसार देय टेक्स निविदा में स्पष्ट रूप से अंकित करना अनिवार्य होगा।
16. निविदाकार द्वारा निर्धारित समय/स्थान पर सेवा/वस्तु आपूर्ति न कराने की दशा में अमानत राशि राजसात कर ली जायेगी।

17. निविदाकर्ता को अपनी सामग्री एवं कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा का सारा जोखिम उठाना पड़ेगा। कार्य उपरांत सफाई का दायित्व निविदाकार का होगा।

18. निविदाकर्ता को स्वयं के व्यय पर सामग्री का परिवहन करना होगा।

19. निविदाकार की कोई भी शर्ते मान्य नहीं होगी।

20. निविदाकर्ता को निविदा प्रपत्र **02 लिफाफें क्रमशः "अ" (टेक्निकल बीड) एवं "ब" (फायनेंसियल बीड)** में प्रस्तुत करना होगा, **लिफाफा "अ"** में टेक्निकल बीड जिसमें चाही गई दस्तावेज तथा **अमानत राशि का डिमांड ड्राफ्ट** जो Registrar, Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur के नाम से देय होगा संलग्न करना अनिवार्य होगा। **तदानुसार लिफाफे के ऊपर लिखा जाएगा**। **लिफाफा "ब"** में **फाइंनेंसियल बीड** जिसमें प्रत्येक प्रकार की दरें, पृथक–पृथक दर्शित होगी, प्रस्तुत करना होगा।

इन दो **"अ"** एवं **"ब"** लिफाफो को एक लिफाफे जिसमे **"विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों के लिए किराया भण्डार से टेंट एवं अन्य सामग्री किराया से प्रदाय हेतु निविदा।"** लिखा हो उसे भीतर रखकर प्रस्तुत करना होगा। **सर्वप्रथम टेक्निकल बीड वाला लिफाफा "अ" खोला** जावेगा। आवश्यक दस्तावेज सही पाये जाने पर ही निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत **फायनेंसियल बीड** वाला लिफाफा **"ब"** खोला जावेगा अन्यथा निरस्त कर दिया जाएगा।

21. जिन निविदाकर्ता फर्मों की निविदा अमान्य होगी उनके द्वारा जमा की गयी सुरक्षा निधि का डिमांड ड्राफ्ट वापस कर दी जाएगी ।

22. अन्य शर्ते छ.ग. भण्डार क्रय नियमों के अनुसार होगी।

23. निविदा का चयन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा गठित चयन समिति द्वारा किया जावेगा ।

24. निविदा उपस्थिति निविदाकार अथवा उनके प्रतिनिधि एवं क्रय समिति के समस्त सदस्यों के सामने खोली जावेगी। अपरिहार्य कारणों से निविदा खोलने का समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

25. औसत न्यूनतम दर को आधार मानकर निविदा पारित किया जावेगा।

26. छ.ग. भंडार क्रय नियम 2002 के उपनियम 4.2 के अनुसार "निविदा की शर्तों का निर्धारण केता द्वारा किया जाएगा। परन्तु छत्तीसगढ़ में स्थापित भारत सरकार से मान्यता प्राप्त वैध स्टार्ट–अप, जैसा कि औद्योगिक नीति 2014–19 के परिशिष्ट–1 परिभाषा में अनुक्रमांक 54 पर परिभाषित है तथा निविदाकर्ता द्वारा निविदा जारी करने के दिनांक को भारत सरकार की वेबसाईट पर वैध पाया गया है, को निविदा प्रक्रिया में निम्नानुसार लाभ प्राप्त होंगे –

1. पूर्व अनुभव की आवश्यकता नहीं होगी ।
2. उस पर पूर्व टर्नओवर संबंधी कोई शर्त अधिरोपित नहीं होगी।

27. छ.ग. भंडार क्रय नियम 2002 के उपनियम 4.7(ब) एवं 4.7(स) के अनुसार प्रदेश की लघु एवं कुटीर उद्योग इकाई जो उद्योग विभाग से पंजीकृत है, के साथ ही छत्तीसगढ़ में स्थापित भारत सरकार से मान्यता प्राप्त वैध स्टार्टअप, जैसा की औद्योगिक नीति 2014–19 के परिशिष्ट–1 परिभाषा में अनुक्रमांक–54 पर परिभाषित है तथा निविदाकर्ता द्वारा निविदा जारी करने की दिनांक को भारत सरकार की वेबसाइट पर वैध पाया गया है तथा सक्षमता प्रमाण पत्र प्राप्त है, को उसका परीक्षण कर उन्हे शासकीय क्रय प्रक्रिया में भाग लेते समय अमानत राशि (ईएमडी) जमा करने से छूट दी जायेगी। इकाईयों द्वारा उपरोक्त आशय का प्रमाण, टेण्डर के साथ प्रस्तुत करने पर ही उन्हे छूट प्राप्त होगी।

28. छ.ग. भंडार क्रय नियम 2002 के उपनियम 4.7(अ) के अनुसार ''केवल वास्वतिक प्रदायकर्ता फर्म ही अपनी निविदा प्रस्तुत कर सके, इसलिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक निविदा के साथ अनुमानित क्रय मूल्य का 1 (एक) प्रतिशत अमानत राशि (ईएमडी) प्राप्त की जाये। यह अमानत राशि (ईएमडी) सफल निविदाकार की रोककर, शेष को 15 दिवस में वापस लौटा दी जाए।''

29. छ.ग. भंडार क्रय नियम 2002 के उपनियम 4.7.1 के अनुसार ''निविदा में पात्र सफल निविदाकार को क्रय–आदेश जारी करने के पूर्व वास्तविक क्रय मूल्य का कम से कम 3 (तीन) प्रतिशत सुरक्षा निधि प्राप्त की जाये।''

30. शर्तों का पालन नहीं होने पर अथवा अन्य किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में कुलपति जी का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा ।

31. न्यायालयीन विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र उच्च न्यायालय बिलासपुर रहेगा।

**टीप** :– निविदा पत्र को सावधानीपूर्वक पढ़कर, निर्धारित सभी योग्यता पूर्ण करने वाले व्यक्ति या फर्म, निविदा को निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय में जमा करावे, आधे अधूरे, अपूर्ण निविदा प्रपत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा तथा विश्वविद्यालय के द्वारा निर्धारित उपरोक्त शर्तों के अतिरिक्त छत्तीसगढ़ शासन के भण्डार क्रय नियमों के प्रावधान भी प्रभावशील होंगे।

उपरोक्त सभी नियमों एवं शर्तों का अवलोकन कर लिया है सभी नियम एवं शर्ते मुझे मान्य है।

दिनांक–
स्थान–

हस्ताक्षर

फर्म का सील मोहर

नाम..................................

## टेक्निकल बीड– लिफाफा "अ"

01. विवरणः–

| | | |
|---|---|---|
| 01 | रू.1,000.00 (रू. एक हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट / डी.डी. / रसीद | |
| 02 | अमानत राशि रू.10,000.00 (रू. दस हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट / डी.डी. | |
| 03 | PAN नंबर की छायाप्रति संलग्न करे। | |
| 04 | GST नंबर संबंधी दस्तावेज की छायाप्रति संलग्न करना होगा (जी.एस.टी. नं. अनिवार्य है) | |
| 05 | फर्म का पंजीयन प्रमाण पत्र / गुमास्ता प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से निविदा के साथ संलग्न करना होगा। | |
| 06 | निविदाकर्ता विगत 03 वित्तीय वर्षो 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 के आयकर रिटर्न की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करे। साथ ही फर्म का कर समाशोधन प्रमाण पत्र जिसमें यह प्रमाणित होता हो कि फर्म द्वारा देय कर अदा कर दिया है एवं उस पर कोई कर बकाया नही है। | |
| 07 | शासकीय / अर्द्धशासकीय / निगम मंडल / आयोग में विगत 03 वर्ष में रू.20=00 लाख (बीस लाख) का किराया सामग्री आपूर्ति करने का अनुभव | |
| 08 | निविदाकर्ता का विगत 03 वित्तीय वर्षो 2022–23, 2023--24 एवं 2024–25 का औसत वार्षिक टर्नओवर रू. 50=00 लाख (पचास लाख) होने का चार्टर्ड एकाउन्टेंट से प्रमाणित प्रति। | |
| 09 | Black Listed (काली सूची) में न होने का शपथ–पत्र संलग्न करे। | |
| 10 | कोई यदि आवश्यक जानकारी हो तो, | |

आमंत्रित निविदा की पूरी नियमों एवं शर्तो को पूर्णतः पढ़ लिया है तदानुसार मैं / हम सभी नियमों एवं शर्तो से सहमत है।

(Signature of Owner/Authorized Representative)

विकास विभाग
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

फाईनेंसियल बीड– लिफाफा "ब"

## PROFORMA FOR FINANCIAL BID

किराया भण्डार से संबंधित सामग्रियों का नाम –

| स.क्र. | सामग्री का नाम | मापदंड | दर GST सहित |
|---|---|---|---|
| 1 | टेंट (वाटरप्रुफ 04 ओर पर्दा एवं पर्दा का छत सहित) | प्रति Sqft की दर से | |
| 2 | टेंट (बिना वाटरप्रुफ 04 ओर पर्दा एवं पर्दा का छत सहित) | प्रति Sqft की दर से | |
| 3 | मेटींग ग्रीन | प्रति Sqft की दर से | |
| 4 | कुर्सी | Plastic प्रति नग की दर से | |
| 5 | व्ही.आई.पी. कुर्सी कवर सहित | प्रति नग की दर से | |
| 6 | सोफा कवर सहित | प्रति नग की दर से | |
| 7 | टेबल कवर सहित | प्रति नग की दर से | |
| 8 | फोम गद्दा 4 इंच मोटा साफ–सुथरा कवर सहित साईज 3X6 फीट | प्रति नग की दर से | |
| 9 | तकिया साफ–सुथरा कवर सहित | प्रति नग की दर से | |
| 10 | चादर साफ–सुथरा | प्रति नग की दर से | |
| 11 | कम्बल साफ–सुथरा | प्रति नग की दर से | |
| 12 | व्ही.आई.पी. गेट निर्माण | प्रति नग की दर से | |
| 13 | सधारण गेट निर्माण | प्रति नग की दर से | |
| 14 | कुलर जम्बो (अच्छी कंडीसन में) | प्रति नग की दर से | |
| 15 | कारपेट | प्रति Sqft की दर से | |
| 16 | दरी 8X10 | प्रति नग की दर से | |
| 17 | सफेद पर्दा (बाउंड्रीवाल के लिए) | प्रति Sqft की दर से | |
| 18 | बाल्टी 15 लिटर साफ–सुथरा | प्रति नग | |
| 19 | मग्गा 1 लिटर साफ–सुथरा | प्रति नग | |
| 20 | तखत | प्रति नग | |
| 21 | डस्टबीन मिडियम साईज ढक्कन खुलने वाला | प्रति नग | |
| 22 | कनात | प्रति Sqft की दर से | |
| 23 | किचन टेंट | प्रति Sqft की दर से | |
| 24 | किचन टेबल | प्रति नग की दर से | |
| 25 | क्लाथ (कपड़ा) | प्रति नग की दर से | |
| 26 | सीलिंग क्लाथ सफेद | प्रति Sqft की दर से | |

आमंत्रित निविदा की पूरी नियमों एवं शर्तो को पूर्णतः पढ़ लिया है तदानुसार हम सभी नियमों एवं शर्तो से सहमत है।

(Signature & Seal of Owner/Authorized Representative)